स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम पाठ्यक्रम में शामिल होना चाहिये– डॉ. जुयाल

भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय की और से आयोजित स्वच्छ भारत अभियान ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के अंतर्गत नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के 19 छात्रों को माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल ने हरी झंडी दिखाकर अपने अभियान पर विदा किया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुये कहा कि इस कार्यक्रम को डिग्री पाठ्यक्रम में शामिल होना चाहिये जिससे निरंतर छात्र गॉव गॉव जाकर अभियान को सफल बनायें।

उल्लेखनीय ह कि ये छात्र ग्राम सालीवाड़ा गौर जाकर 24 मई से 5 जून तक पशु टीकाकरण, प्राथमिक उपचार, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलायेंगे। जब तक गॉव स्वच्छ एवं समृद्ध नहीं होगें तब तक देश समृद्ध नहीं होगा। नोडल अधिकारी डॉ. आर.के. शर्मा असिस्टेंट नोडल अधिकारी डॉ. ए.के. गौर, डॉ. डी.के. गुप्ता एवं डॉ. अमित तिवारी के नेतृत्व में छात्र कार्य करेंगे।

आज के कार्यक्रम में डीन फेकल्टी डॉ. एस.एन.एस. परमार, डीन कालेज डॉ. आर.पी.एस. बघेल, डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव, डॉ. वाय.पी. साहनी, डॉ. एन.के. जैन, डॉ. एस.के. नायक सहित समस्त प्राध्यापकों की उपस्थिति रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि.,
जबलपुर